## ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए सामान्य अनुदेश

**महत्वपूर्ण**

आवेदकों से अनुरोध है कि ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने से पहले वे उन सामान्य कारणों पर ध्यान दें, जिनके चलते आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर दिए जाते हैं। अतः, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे पर्याप्त सावधानी बरतें, ताकि उनके आवेदन-पत्र के अस्वीकृत होने की संभावना कम से कम रहे और आयोग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करते हुए केवल जरा-सी सावधानी के अभाव में उनका प्रयास विफल न हो। **आयोग का अनुभव दर्शाता है कि अधिकतर आवेदन-पत्र निम्नलिखित कारणों से अस्वीकृत किए जाते हैं:-**

(क) प्रस्तुत की गई फोटोग्राफ की क्वालिटी खराब के कारण अस्वीकृत आवेदन-पत्र। नमूना 1 2 3 4 5 6 7 8

(ख) प्रस्तुत किए गए हस्ताक्षर की क्वालिटी खराब होने के कारण अस्वीकृत आवेदन-पत्र। नमूना 1 2 3 4

(ग) फोटोग्राफ के स्थान पर हस्ताक्षर और हस्ताक्षर के स्थान पर फोटोग्राफ प्रस्तुत करने के कारण अस्वीकृत आवेदन-पत्र। नमूना 1

(घ) केवल फोटोग्राफ प्रस्तुत करने अर्थात् हस्ताक्षर प्रस्तुत नहीं करने या हस्ताक्षर के स्थान पर भी फोटोग्राफ प्रस्तुत करने के कारण अस्वीकृत आवेदन-पत्र। नमूना 1

(ङ) केवल हस्ताक्षर प्रस्तुत करने अर्थात् फोटोग्राफ प्रस्तुत नहीं करने या फोटोग्राफ के स्थान पर भी हस्ताक्षर प्रस्तुत करने के कारण अस्वीकृत आवेदन-पत्र। नमूना 1

(च) आयोग के समक्ष केवल आवेदन-पत्र का भाग-I प्रस्तुत किया गया है और भाग-II प्रस्तुत नहीं किए जाने कारण आवेदन-पत्र अधूरा। नमूना 1

(छ) आवेदक ने एकाधिक आवेदन-पत्र प्रस्तुत किए, परंतु इनमें से किसी आवेदन-पत्र (आरआईडी**) के मामले में जमा किए गए शुल्क (टीआईडी**) का उल्लेख भिन्न आरआईडी वाले किसी अन्य आवेदन-पत्र के लिए किया जाता है। नमूना 1 2 3

(ज) आवेदक ने भाग-I प्रस्तुत किया तथा शुल्क भी अदा किया लेकिन उसके भाग-II पूरा नहीं किया/नहीं कर सका अर्थात् वह फोटोग्राफ और हस्ताक्षर प्रस्तुत करने में विफल रहा। नमूना-1

(झ) फर्जी भुगतान*** के मामले में विनिर्धारित समय-सीमा के भीतर आयोग को भुगतान का प्रमाण प्रस्तुत नहीं करने के कारण अस्वीकृत आवेदन पत्र (जिनकी सूचना आवेदक को आनलाइन आवेदन पत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख के बाद दो सप्ताह के भीतर ई-मेल के जरिए दी जाती है एवं इसे आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित भी किया जाता है)।

*आरआईडी, पंजीकरण आईडी है, जिसका सृजन सिस्टम द्वारा उस समय होता है जब आवेदक अपने आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया के भाग-I को पूरा कर लेता है।

**टीआईडी, लेन-देन संबंधी आईडी है। बैंक अधिकारियों द्वारा यह तब दिया जाता है, जब आवेदक नकद रूप में अपने शुल्क का भुगतान करता है और शुल्क के भुगतान इंटरनेट बैंकिंग या क्रेडिट/डेबिट कार्ड के जरिए किए जाने की स्थिति में यह स्वत: सृजित हो जाता है।

***फर्जी भुगतान के मामले, वे मामले हैं जिनके बारे में आयोग को उन बैंक प्राधिकारियों से कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, जिनके संबंध में आवेदक यह दावा करता है कि उसने अपना शुल्क वहां जमा किया है ।

**अनुदेश**

1. "ऑनलाइन आवेदन-पत्र" के होमपेज पर जाने के लिए http://www.upsconline.nic.in पर लॉग ऑन करें।
2. "संघ लोक सेवा आयोग की विभिन्न परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन" पर क्लिक करें।
3. आवेदन-पत्र को भरने से पहले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा की अधिसूचना और आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए आयोग के नोटिस को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
4. माउस को 'परीक्षा' मेन्यू पर लाएं। लिंक में दो विकल्प प्रदर्शित होंगे- "भाग-I पंजीकरण" और "भाग-II पंजीकरण"।
5. "भाग-I पंजीकरण" को क्लिक करने पर यह लिंक सभी सक्रिय परीक्षाओं की सूची प्रदर्शित करेगा और आप संबंधित परीक्षा के सामने "यहां क्लिक करें", पर क्लिक करके सूचीबद्ध किसी भी परीक्षा के लिए आवेदन करने हेतु उसका चयन कर सकते हैं।
6. "भाग-II पंजीकरण" पर क्लिक करने से यह लिंक, ऑनलाइन आवेदन पत्र के दूसरे भाग को प्रदर्शित करेगा, जिनके बारे में इन अनुदेशों में आगे चर्चा की जाएगी।

7. जब उम्मीदवार किसी परीक्षा-विशेष के लिए "यहां क्लिक करें" लिंक पर क्लिक करता है, (जैसा कि ऊपर क्रम सं. 4 में उल्लेख किया गया है) तब उसे ऑनलाइन आवेदन पत्र के भाग-I के पंजीकरण के लिए एक नए पेज पर रीडायरेक्ट कर दिया जाएगा।

8. भाग-I के पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रारंभ करने के लिए **"जारी"** बटन को क्लिक करें। जारी बटन पर क्लिक करने से भाग-I पंजीकरण के लिए नया रिक्त फार्म स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। भाग-I पंजीकरण की प्रक्रिया आगे 4 (चार) पृष्ठों में विभाजित है, जिनमें उम्मीदवारों को मांगी गई जानकारियां और विवरण भरने हैं। लाल तारांकित (*) फील्ड(प्रविष्टियां) अनिवार्य हैं, जिन्हें उम्मीदवारों को भरना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रविष्टि के नीचे, उसे भरे जाने के संबंध में स्पष्ट अनुदेश दिए गए हैं। फार्म भरते समय उम्मीदवार, इन अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें और इनका पूर्णतया अनुपालन करें। मांगी जाने वाली पृष्ठवार जानकारी निम्नानुसार है :-

**पृष्ठ एक :**

इस पेज पर सिस्टम के अंतर्गत अन्य बातों के साथ-साथ उम्मीदवार की **निजी जानकारी** मांगी जाती है, जैसे उसका 'नाम', 'जन्म की तारीख', 'पिता का नाम', 'माता का नाम', 'पता', 'शारीरिक विकलांगता की स्थिति एवं श्रेणी', 'उम्मीदवार का समुदाय' (सामान्य, अन्य पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति) 'क्या शुल्क माफी का दावा किया गया है', 'क्या उम्मीदवार अल्पसंख्यक वर्ग से संबंधित है, आदि। हर फील्ड(प्रविष्टि) के नीचे अनुदेश दिए गए हैं, जिन्हें सावधानीपूर्वक पढ़ा जाना चाहिए और इनका पूर्णयता अनुपालन किया जाना चाहिए।

[उम्मीदवार यह नोट करें कि महिला, शारीरिक विकलांग, अ.जा., अ.ज.जा. के उम्मीदवारों को किसी प्रकार के शुल्क का भुगतान करना अपेक्षित नहीं है। जब उम्मीदवार "समुदाय" की श्रेणी में अ.ज.जा. या अ.जा. या "लिंग" की श्रेणी में महिला के विकल्प का चयन करते हैं, जब "शुल्क माफी" संबंधी प्रविष्टि में स्वत: ही "हां" उत्तर निर्दिष्ट हो जाता है, और इसे परिवर्तित करने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे उम्मीदवारों को "शुल्क भुगतान संबंधी पृष्ठ" तक जाने की जरूरत नहीं होगी, जहां उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र के भाग-II को भरते समय शुल्क भुगतान संबंधी विवरण भरने हैं।]

दूसरे पृष्ठ पर जाने के लिए पृष्ठ के नीचे **"जारी"** बटन पर क्लिक करें ।

**पृष्ठ दो :**

सिस्टम के अंतर्गत इस पेज पर **"आयु में छूट"** संबंधी जानकारी मांगी जाती है। आयु में छूट का दावा करने करने के लिए उम्मीदवार को विवरण का चयन करना होगा। इसके लिए संबंधित में फील्ड में "हां" का चयन करने के उपरांत उसे कतिपय कोड उपलब्ध होंगे और उसे संबंधित विकल्प पर क्लिक करना होगा। (उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे संगत अधिसूचना और परीक्षा नोटिस का अध्ययन करें)

तीसरे पृष्ठ पर जाने के लिए पृष्ठ के नीचे **"जारी"** बटन को क्लिक करें ।

**पृष्ठ तीन:**

यहां, उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में प्रदान की गई समस्त जानकारी प्रदर्शित की जाती है ताकि वह उसकी जांच और पुष्टि कर सके। ऑनलाइन आवेदन के अंत में **'अद्यतन करें'** बटन भी उपलब्ध है ताकि पिछले पृष्ठों पर जाकर किसी भी सूचना में संशोधन किया जा सके। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे संपूर्ण विवरण की जांच कर लें और भली-भांति संतुष्ट हो जाएं कि उन्होंने सभी जानकारियां सही प्रकार भरी हैं। उम्मीदवारों द्वारा प्रदान की गई किसी भी सूचना को परीक्षा प्रक्रिया के अगले चरणों के दौरान परिवर्तित करने की अनुमति नहीं होगी।

**उद्घोषणा बक्स :**

पृष्ठ के अंत में उम्मीदवारों **के लिए** एक उद्घोषणा बक्स प्रदान किया गया है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे **उद्घोषणा** की विषय-वस्तु को ध्यानपूर्वक पढ़ें। उम्मीदवार को यह विकल्प उपलब्ध होगा कि वह उक्त विषय-वस्तु से सहमत अथवा असहमत हो सकता है। इसके लिए उसे **'मैं सहमत हूं'** अथवा **'मैं सहमत नहीं हूं'** बटन पर क्लिक करना होगा। यदि उम्मीदवार असमहत होने के विकल्प का चयन करता है, तो आवेदन-पत्र रद्द हो जाएगा और प्रक्रिया समाप्त कर दी जाएगी। सहमत होने के विकल्प का चयन करने पर उम्मीदवार का ऑनलाइन आवेदन जमा हो जाएगा और भाग-I में प्रदान की गई जानकारी सेव हो जाएगी तथा उम्मीदवार के लिए पंजीकरण आईडी सृजित होगी। इसके बाद चौथा पृष्ठ प्रदर्शित हो जाएगा।

**पृष्ठ चार :**

यहां, उम्मीदवार के बारे में आवश्यक पहचान संबंधी जानकारी जैसे 'नाम', 'पिता का 'नाम', 'माता का नाम', 'जन्म की तारीख', 'पता' और उम्मीदवार द्वारा चुने गए परीक्षा केन्द्र सहित सिस्टम द्वारा सृजित यूनीक 'पंजीकरण आईडी' प्रदर्शित की जाएगी। इसके साथ ही उम्मीदवारों को यह सूचित किया जाएगा कि उन्होंने ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रक्रिया के पंजीकरण का भाग-I पूरा कर लिया है। तथापि, **उम्मीदवार यह नोट करें कि यदि आवेदन-पत्र के भाग-II का पंजीकरण नहीं किया जाता तो आवेदन को अधूना माना जाएगा और उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

**यहां, ऑनलाइन आवेदन करेन की प्रक्रिया का भाग-I पूरा हो जाता है। ऑनलाइन आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक जमा करने के लिए उम्मीदवारों को भाग-II का पंजीकरण पूरा करना है।**

**[उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नोट-2 के नीचे उपलब्ध विकल्प का इस्तेमाल करते हुए "प्रिंट" पर क्लिक करके इस पृष्ठ का एक प्रिंट आउट ले लें। बाद के चरणों में उम्मीदवारों को अपना पंजीकरण आईडी और जन्म की तारीख दर्ज करनी होगी ।]**

ऐसे उम्मीदवार, जो शुल्क का नकद भुगतान करना चाहते हैं, उन्हें परामर्श दिया जाता है कि वे "बैंक पे-इन-स्लिप को प्रिंट करें" के विकल्प का इस्तेमाल करते हुए पे-इन-स्लिप का प्रिंट आउट ले लें। इस पे-इन-स्लिप का इस्तेमाल करते हुए उम्मीदवार भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में नकद शुल्क जमा कर सकते हैं। बैंक, इस ऑनलाइन आवेदन पत्र के विकल्प "बैंक पे-इन-स्लिप को प्रिंट करें" के जरिए मुद्रित स्लिप को छोड़कर किसी भी अन्य पे-इन-स्लिप अथवा चलान को स्वीकार नहीं करेगा। नकद राशि प्राप्त होने के बाद बैंक उक्त पे-इन-स्लिप पर मुहर लगाएगा तथा "लेन-देन आईडी" भी प्रदान करेगा। उम्मीदवारों को पुन: लॉग-इन कर पंजीकरण प्रक्रिया के भाग-II को पूरा करना होगा।

**नोट करें : शुल्क से छूट प्राप्त श्रेणी के उम्मीदवार तथा वे उम्मीदवार जो वीजा/मास्टर क्रेडिट/डेबिट कार्ड या भारतीय स्टेट बैंक और इसके सहयोगी बैंकों, अर्थात् स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर, एवं जयपुर/स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद/स्टेट बैंक ऑफ मैसूर/स्टेट बैंक ऑफ पटियाला/स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर की इंटरनेट बैंकिग सुविधा का इस्तेमाल करते हुए शुल्क का भुगतान करना चाहते हैं, वे पृष्ठ-5 के नीचे "भाग-II पंजीकरण" के लिंक को क्लिक करके सीधे भाग-II पंजीकरण को पूरा कर सकते हैं।**

**भाग-II पंजीकरण हेतु आवेदन प्रपत्र**

भाग-II पंजीकरण के तीन चरण हैं :-

1. शुल्क का भुगतान
2. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर के नमूने को अपलोड करना
3. उपलब्ध ड्रॉप डाउन मेन्यू में से परीक्षा केन्द्र का चयन

**शुल्क का भुगतान करने के लिए उम्मीदवारों के पास तीन विकल्प मौजूद हैं :-**

1. **उम्मीदवार, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से मुद्रित पे-इन-स्लिप के जरिए भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में नकद राशि जमा कर सकते हैं।**

ऐसे उम्मीदवार, जो नकद भुगतान प्रणाली का चयन करते हैं, वे सिस्टम द्वारा सृजित (जनरेट) पे-इन-स्लिप को मुद्रित करें और अगले कार्यदिवस को ही भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा के काउंटर पर शुल्क जमा करवाएं।

नकद भुगतान का विकल्प, अंतिम तिथि के एक दिन पहले निष्क्रिय हो जाएगा। तथापि, जो उम्मीदवार अपने पे-इन-स्लिप का सृजन (जनरेशन) इसके निष्क्रिय होने से पहले कर लेते हैं, वे अंतिम तिथि को बैंक के कार्य-समय के दौरान एसबीआई की शाखा में काउंटर पर नकद भुगतान कर सकते हैं। ऐसे उम्मीदवार, जो वैध पे-इन-स्लिप होने के बावजूद किसी भी कारणवश अंतिम तिथि को बैंक के कार्य-समय के दौरान एसबीआई की शाखा में नकद भुगतान करने में असमर्थ रहते हैं, उनके पास कोई अन्य ऑफलाइन विकल्प उपलब्ध नहीं होगा, लेकिन वे अंतिम तिथि को ऑनलाइन डेबिट/क्रेडिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग भुगतान के विकल्प का चयन कर सकते हैं।

2. यदि उम्मीदवार, **भारतीय स्टेट बैंक/स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एवं जयपुर/स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद/स्टेट बैंक ऑफ मैसूर/स्टेट बैंक ऑफ पटियाला/स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर के ग्राहक हैं** तथा उनके पास इन बैंकों की इंटरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध है तब वे इंटरनेट बैंकिग सुविधा के जरिए ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं ।

3. उम्मीदवार, किसी बैंक/संस्था द्वारा जारी **वीजा/मास्टर डेबिट या क्रेडिट-कार्ड** के जरिए ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।

**नोट करें :-** ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के अंतर्गत, शुल्क-मुक्त श्रेणी के उम्मीदवारों(अर्थात् अ.जा., अ.ज.जा., शा.वि. और महिला उम्मीदवारों) को शुल्क भुगतान और शुल्क जमा करने संबंधी विवरण के चरण प्रदर्शित नहीं होंगे। ऐसे उम्मीदवार, भाग-I के पंजीकरण को भरने के बाद भाग-I पंजीकरण के अंतिम पृष्ठ के नीचे दिए गए लिंक के जरिए सीधे ही भाग-II पंजीकरण प्रारंभ कर सकते हैं।

**भाग-II पंजीयन को भरने से पहले उम्मीदवार निम्नलिखित सुनिश्चित करें :-**

1. यह कि एसबीआई के जरिए नकदी जमा करने के दौरान उन्होंने एसबीआई की किसी भी शाखा में अपेक्षित शुल्क का भुगतान कर दिया है और लेन-देन आईडी प्राप्त कर ली है। भुगतान के अन्य दो माध्यमों में लेन-देन आईडी, स्वतः सृजित और भर दी जाती है।
2. यह कि उन्होंने अपने फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन कर लिए हैं और ये #जेपीजी फॉर्मैट में हैं। फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर का आकार 40 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए और फोटोग्राफ का आकार 3 केबी से कम तथा हस्ताक्षर का आकार 1 केबी से कम नहीं होना चाहिए ।
3. फोटोग्राफ/हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रत्येक इमेज का आकार, 40 केबी (फोटोग्राफ के लिए पिक्सेल का आकार 140 पिक्सेल ऊंचाई x 110 पिक्सेल चौड़ाई होनी चाहिए तथा हस्ताक्षर के लिए पिक्सेल का आकार, 110 पिक्सेल ऊंचाई x 140 पिक्सेल चौड़ाई होना चाहिए) से अधिक नहीं होना चाहिए यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अपलोड किए गए फोटोग्राफ/हस्ताक्षर सही हैं।

# <u>उम्मीदवारों को, सफेद कागज पर काली स्याही वाले पेन से किए गए अपने हस्ताक्षर को स्कैन करना चाहिए।</u>

**[एमएस विंडो/एमएस आफिस का इस्तेमाल करने वाले उम्मीदवार, एमएस पेंट या एमएस आफिस पिक्चर मैनेजर का इस्तेमाल करके फोटो और हस्ताक्षर का जेपीजी फॉर्मेट तैयार कर सकते हैं, जिसका आकार 40 केबी से अधकि न हो। स्कैन किए गए फोटोग्राफ और हस्ताक्षर (200 डीपीआई पर स्कैन) फाइल मेन्यू में उपलब्ध 'सेव ऐज' विकल्प का इस्तेमाल करके जेपीजी फॉर्मेट में सेव किया जा सकता है और क्रॉप तथा इमेज मेन्यू के अंतर्गत, रीसाइज विकल्प (पिक्सेल आकार के लिए ऊपर बिन्दु 3 देखें) का इस्तेमाल करके इसे वांछित आकार दिया जा सकता है। अन्य फोटो एडिटर में भी ऐसे विकल्प मौजूद हैं।]**

[अगर आपने भाग-I के पंजीकरण को पूरा करने के बाद लॉग-आउट किया है, तो कृपया भाग-II पंजीकरण के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाएं:

http://www.upsconline.nic.in/ पर लॉग ऑन करें।

- माउस को 'परीक्षा' मेन्यू पर लाएं। लिंक, दो विकल्प प्रदर्शित करेगा, अर्थात् भाग-I पंजीकरण और भाग-II पंजीकरण।
- भाग-II पंजीकरण को क्लिक करें]

1. डायलॉग बाक्स के खुलने पर अपना पंजीकरण आईडी और जन्म की तिथि भरें।
2. **सब्मिट** बटन दबाएं।
3. आपके पंजीयन आईडी को दर्शाते हुए एक नया पेज खुल जाएगा, जिस पर भुगतान के तीन विकल्प होंगे, अर्थात् **"नकद द्वारा भुगतान", "कार्ड द्वारा भुगतान"** और "**नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान"**। प्रत्येक विकल्प के साथ एक **रेडियो बटन** होगा।
4. अपनी पंसद के भुगतान विकल्प के रेडियो बटन पर क्लिक करें और **"जारी"** को क्लिक करें।
5. यदि आप नकद भुगतान कर रहे हैं, तो नई विंडो खुलेगी, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दी गई लेन-देन आईडी और लेन-देन की तारीख भरी जाएगी। बैंक द्वारा दी गई लेन-देन आईडी **सात या आठ अंकों वाली** होगी, जिसे लेन-देन आईडी फील्ड में भरना होगा।

भारतीय स्टेट बैंक के अखिल भारतीय विस्तार को देखते हुए बैंक कर्मचारियों द्वारा भुगतान पर्ची पर लेन-देन आई डी को अलग-अलग प्रकार से लिखने की संभावना है, जैसे **टी आई डी**-0012121212 अथवा **जे**-0012121212 अथवा-0012121212 आदि यदि आठ अंकों में है अथवा **टीआईडी**-001212121 अथवा **जे**-001212121 अथवा-001212121, यदि अंकों की संख्या

सात है। **उम्मीदवारों से अनुरोध है कि केवल अंत के 7 अथवा 8 अंक भरें, जैसा भी मामला हो, और किसी भी अक्षर, विशेष अक्षर या संख्या से पहले लगे शून्यों को छोड़ दें।** उपर्युक्त दोनों मामलों में लेन-देन आईडी को **12121212 अथवा-1212121** लिखें।

लेन-देन आईडी और लेन-देन की तारीख भरने के पश्चात् **"जारी"** को क्लिक करें। इस पर एक नया पेज खुलेगा, जिसमें भरा हुआ विवरण दर्शाया गया होगा। जांच के बाद सब्मिट को क्लिक करें। अब नया पेज खुलेगा, जिसमें भुगतान का विवरण दिया होगा तथा फोटो एवं हस्ताक्षर को अपलोड करने के लिए जारी (प्रोसीड) को क्लिक करने को कहा जाएगा।

6. वीजा/मास्टर क्रेडिट/डेबिट कार्ड या **भारतीय स्टेट बैंक/स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर, एवं जयपुर/स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद/स्टेट बैंक ऑफ मैसूर/स्टेट बैंक ऑफ पटियाला/स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर** की इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के माध्यम से भुगतान का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवारों को संबंधित बैंक की साइट पर डायरेक्ट किया जाएगा और भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भुगतान का विवरण प्रदान करते हुए उन्हें आयोग की साइट पर पुन: डायरेक्ट किया जाएगा और फोटो तथा हस्ताक्षर को अपलोड करने की प्रक्रिया को पूरा करने हेतु जारी (प्रोसीड) को क्लिक करने को कहा जाएगा।

**टिप्पणी :-** यदि उम्मीदवार ने भाग-I पंजीयन में शुल्क जमा के लिए विकल्प भरा है तो उसे ये भुगतान विकल्प और पेज नहीं दिखाएं जाएंगे और उसे सीधे फोटोग्राफ और हस्ताक्षर नमूना अपलोड करने का पेज दिया जाएगा ।

**2) फोटोग्राफ और हस्ताक्षर का नमूना अपलोड करना**

यहां, उम्मीदवार को अपने नवीनतम **फोटोग्राफ** की इमेज और **हस्ताक्षर के नमूने** को अपलोड करना होगा। अपलोड की जाने वाली इमेज केवल जेपीजी फॉर्मैट में होनी चाहिए और आकार 40 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए और फोटोग्राफ का आकार 3 केबी से कम तथा हस्ताक्षर का आकार 1 केबी से कम नहीं होना चाहिए ।

अपलोडिंग के पश्चात एक नया पेज, उम्मीदवार द्वारा अपलोड की गई इमेज के प्रीव्यू को दर्शाएगा। **यहां उम्मीदवार को सलाह दी जाती है कि ऊपरी पंक्ति में अपने अपलोड किए गए फोटोग्राफ को ध्यान से देखे कि वह स्पष्ट है और पूर्णतया पहचान में आ रहा तथा निचली पंक्ति में हस्ताक्षर का नमूना स्पष्ट रूप से दिख रहा है।** किसी भी स्थिति में इन दोनों

पंक्तियों के स्थान की अदला-बदली नहीं की जानी चाहिए और अपलोड किए गए फोटोग्राफ और नमूना हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखने चाहिएं, अन्यथा उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उम्मीदवार द्वारा कोई गलत जानकारी अपलोड करने/भरने के कारण उसमें परिवर्तन करने के संबंध में उम्मीदवार के किसी अभ्यावेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि उम्मीदवार अपलोड की गई इमेज से संतुष्ट है तो वह "पुष्टि (कन्फर्म)" कर सकता है। **यदि किसी भी कारण से अपलोड की गई इमेज संतुष्टि के अनुसार नहीं हैं तो उम्मीदवार री-लोड फोटोग्राफ और/अथवा री-लोड हस्ताक्षर बटन पर क्लिक करके इन इमेजकोरी-लोड कर सकता है।** वे **"इमेज रीफ्रेश"** बटन को क्लिक करके री-लोड की गई फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की इमेज देख सकते हैं। सॉफ्टवेयर, उम्मीदवार के फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को तब तक सेव नहीं करेगा, जब तक वह **"कन्फर्म अपलोड"** बटन पर क्लिक करके अपलोड की पुष्टि न कर दे।

उम्मीदवार को फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर फाइल की गुणवत्ता के बारे में पूर्णतया संतुष्ट होना चाहिए। जिन आवेदन-पत्रों की फोटो अथवा हस्ताक्षर फाइलों की गुणवत्ता खराब होगी, उन्हें निरस्त किया जा सकता है।

**3. परीक्षा केन्द्र का चयन करना**

**परीक्षा केन्द्र का चयन, उपलब्ध ड्राप डाउन मेन्यू में से करना है।**

एक नए पेज पर, उम्मीदवार को सूचना दी जाएगी कि उसका आवेदन पत्र सफलतापूर्वक जमा हो गया है। इस पेज पर एक लिंक भी है, जिसके जरिए पूरा आवेदन पत्र देखा जा सकता है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात वे अपने पूर्ण आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति लें।

उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए आवेदन पत्र को देखने के लिए होम पेज पर भी लिंक व्यू/प्रिंट आवेदन पत्र दिया गया है।

**ऑनलाइन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उनके द्वारा भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड प्रति अथवा कोई अन्य दस्तावेज/प्रमाण-पत्र/साक्ष्य प्रतियां संघ लोक सेवा आोग को भेजने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति निकाल लें और आयोग के साथ आगे पत्र-व्यवहार के लिए इसे संभाल कर रखें।**

परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चत कर लेना चाहिए के वे परीक्षा में प्रवेश की सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश, निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के अध्यधीन पूर्णतया अनंतिम होगा।

**उम्मीदवार को प्रवेश प्रमाण-पत्र जारी कर देने मात्र का यह अभिप्राय नहीं होगा कि उसकी उम्मीदवारी को आयोग द्वारा अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया गया है।** आयोग, परीक्षा प्रक्रिया के परवर्ती चरणों में मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता शर्तों की जांच करता है।

कोई अन्य संदेह होने पर उम्मीदवार, वेबसाइट पर उपलब्ध **"प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)"** का अवलोकन कर सकते हैं।